हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 29 मई 2026

11 बैडमिंटन खिलाड़ियों ने की पदकों की बौछार

12 रिचार्ज कुओं से मिली जलभराव से राहत, सुधरा भूजल स्तर


## खबर संक्षेप

### लूटपाट के तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**हिसार।** बालसमंद चौकी पुलिस ने लूट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नगदी राशि, मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। एएसआई जसवंत सिंह ने बताया कि इस संबंध में 27 मई को चुली खुर्द निवासी अनिल कुमार ने शिकायत दी थी कि जब वह रावलवास से पातन रोड की तरफ जा रहा था तो आरोपियों ने उसे भय दिखाकर उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन, नकद रुपये तथा मोटरसाइकिल लूट लिए। शिकायत पर तुरंत मामला दर्ज करके जांच शुरू की गई। एसपी के निर्देशानुसार विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने साइबर सेल की तकनीकी सहायता व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी बालसमंद निवासी प्रमोद, संजय व कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया।

### डॉग स्क्वाड व स्वेट टीमों ने गांजा व शराब पकड़ी

**हिसार।** पुलिस की स्वेट टीमों और डॉग स्क्वाड ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक किलो गांजा और 32 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार स्वेट टीम-1 और डॉग स्क्वाड की टीम ने संयुक्त चेकिंग के दौरान गांव पाबडा में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने एक किलो गांजा बरामद किया। मामले में आरोपी कुलदीप निवासी पाबड़ा के कार्रवाई के लिए थाना बरवाला को सूचित किया गया। एक अन्य मामले में स्वेट टीम-2 और डॉग स्क्वाड की टीम ने गांव दौलतपुर में चेकिंग अभियान चलाया।

### सोमनाथ यात्रा के लिए 6 तक करें आवेदन

**हांसी।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की धैर्यगाथा, अटूट आस्था' कार्यक्रम के तहत हरियाणा सरकार ने प्रदेश के श्रद्धालुओं को सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करवाने की विशेष पहल की है। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को विशेष ट्रेन से सोमनाथ मंदिर की यात्रा करवाई जाएगी। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि इच्छुक श्रद्धालु 6 जून तक स्वयं अपने स्मार्ट फोन अथवा नजदीकी अटल सेवा केंद्र/सीएससी से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। स्पेशल ट्रेन में सीटों की बुकिंग 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 जून को कुरुक्षेत्र से इस विशेष ट्रेन को रवाना करेंगे।

## पानी के लिए चानौत महापंचायत में ग्रामीणों का ऐलान

# 31 मई तक मांगें नहीं मानीं तो उखाड़ देंगे पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

चानौत गांव में पानी की मांग को लेकर चल रहे धरने के समर्थन में गुरुवार को महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में विभिन्न राजनीतिक दलों, किसान संगठनों और खाप पंचायतों के नेताओं ने पहुंचकर ग्रामीणों के आंदोलन को अपना समर्थन दिया। महापंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 31 मई तक सरकार ने चानौत गांव को हांसी शहर को जाने वाली पाइपलाइन से पानी देने की मांग पूरी नहीं की, तो ग्रामीण अपनी जमीनों से गुजर रही पाइपलाइन को उखाड़कर हांसी-बरवाला रोड पर रखेंगे। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक चानौत गांव को पीने का पानी उपलब्ध नहीं कराया जाता, तब तक उनका यह आंदोलन जारी रहेगा।

महापंचायत में इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला, किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ून उमेद लोहान, सुरेश कौथ, विकास सीसर, सुमन हुड्डा और दशरथ मलिक समेत कई किसान नेता मौजूद रहे। इसके अलावा रोघी खाप, बूरा खाप, कलकल खाप, पुनिया खाप, खटखड़ खाप, दूहन खाप और हुड्डा खाप सहित अनेक खाप पंचायतों ने भी महापंचायत में पहुंचकर ग्रामीणों के संघर्ष को समर्थन दिया। महापंचायत में सांसद जयप्रकाश, विधायक जस्सी पेटवाड़, राहुल मक्कड़, सुमन शर्मा और तेलूराम जांगड़ा सहित कई कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया। वहीं भाजपा नेता नरेश यादव, जजपा नेता अमित बूरा, समाजवादी पार्टी और बसपा के नेताओं ने भी धरने को समर्थन दिया।


**हांसी।** चानौत गांव में चल रहे धरने पर बैठी महिलाएं व ग्रामीण।

### इधर...चानौत को जलापूर्ति लाइन से कनेक्शन देने का विरोध

- डीसी से मिले नागरिक, बोले- शहर के लिए बिछाई गई पाइपलाइन से कनेक्शन दिया तो होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन

**हांसी।** भाखड़ा नहर से हांसी शहर के लिए बिछाई जा रही पेयजल पाइपलाइन से चानौत को कनेक्शन देने की मांग के विरोध में अब शहरवासी भी खुलकर मैदान में उतर आए हैं। बुधवार को शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त राहुल नरवाल से मुलाकात कर इस मुद्दे पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को बताया कि भाखड़ा नहर से लाई जा रही यह पाइपलाइन विशेष रूप से हांसी शहर की पेयजल जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से बिछाई जा रही है। शहर पहले से बढ़ती आबादी और गर्मी के मौसम में जल संकट की समस्या से जूझ रहा है। ऐसे में यदि इस लाइन से अन्य क्षेत्रों को कनेक्शन दिया गया तो शहरवासियों के हिस्से का पानी प्रभावित होगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि शहर के हितों को प्राथमिकता देते हुए इस पाइपलाइन से किसी भी अन्य गांव या क्षेत्र को कनेक्शन देने की अनुमति न दी जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि चानौत गांव को इस जलापूर्ति लाइन से कनेक्शन दिया गया तो शहरवासी इसका पुरजोर विरोध करेंगे। जरूरत पड़ने पर शहर स्तर पर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। शहरवासियों ने इस मुद्दे को लेकर सांकेतिक धरना भी शुरू कर दिया है। नागरिकों ने कहा कि शहर के लोगों ने हमेशा प्रशासन का सहयोग किया है, लेकिन पेयजल जैसे मूलभूत मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस पर डीसी राहुल नरवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले से जुड़े सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार उचित निर्णय लिया जाएगा।



# दोपहर बाद बूंदाबांदी, बालसमंद और सिवानी में कुछ स्थानों पर गिरे ओले

## मौसम खुशगवार, लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले में पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से गुरुवार को कुछ राहत मिली। दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली और आसमान में बादल छा गए। शहर के कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी होने से मौसम सुहावना हो गया। बालसमंद व सिवानी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे हैं। मौसम में आए बदलाव के चलते तेज धूप और गर्म हवाओं से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम बदलने के साथ तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई और अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जबकि बुधवार को यह तापमान 45 डिग्री पहुंच गया था।

सुबह से ही हिसार में तेज धूप थी। दोपहर के समय गर्म हवाओं के चलते सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कम रही। हालांकि दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव शुरू हुआ। हवाओं और आसमान में छाए बादलों के कारण वातावरण में ठंडक महसूस की गई। इसके बाद शहर के कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। बूंदाबांदी के दौरान बच्चों और युवाओं ने मौसम का आनंद लिया। कई लोग घरों और कार्यालयों से बाहर निकलकर ठंडी हवाओं का आनंद लेते नजर आए। शहर के पार्कों और चाय की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ बढ़ गई। किसानों ने भी मौसम में आए बदलाव को फसलों के लिए लाभकारी बताया। उनका कहना है कि तेज गर्मी के बीच हल्की बारिश और बादल छाने से खेतों में नमी बनी रहेगी, जिससे कुछ राहत मिलेगी।

### जानिए...कैसा रहेगा आगे का मौसम

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि 29 मई को एक पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों की तरफ बढ़ने तथा राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सरकुलेशन बनने की संभावना है जिसके आंशिक प्रभाव से 29 मई रात्रि से 1 जून के दौरान हरियाणा में ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक बादलवाई रहने तथा बीच बीच में धूल भरी हवाएं चलने व कहीं कहीं गरजचमक के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। इस परिवर्तन के चलते दिन के तापमान में हल्की गिरावट भी संभावित है।

### किसान खुश, धान रोपाई के लिए फिर लगेंगी पौध

**नारनौंद।** पिछले काफी दिनों से गर्मी की वजह से लोगों में परेशानी का सबब बना हुआ था। गर्मी की तपत और बिजली कटों से बच्चों ओर बुजर्गों का हाल बेहाल था। गुरुवार की शाम को हल्की बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। गर्मी की कारण बिजली के कट भी बड़ी संख्या में लग रहे थे। लोगो के घरों में लगे कूलर और एसी भी कम ठंडक दे रहे थे। गुरुवार की शाम को जैसे ही बादल मंडराए तो बच्चों के चेहरे खिल गए और बारिश का इंतजार करने लगे। कुछ समय जैसे ही हल्की फुहारे शुरू हो गई तो सबने राहत की सांस ली। बुजर्ग मुनी राम ने बताया कि पिछले दिनों से गर्मी के कारण काफी परेशानी हो रही थी। बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। वह हर रोज खेत तक टहलने के लिए जाते हैं। लेकिन गर्मी की वजह से उन्होंने बाहर निकलना बंद किया हुआ था आज बारिश हुई हैं। कुछ समय तो गर्मी से निजात मिलेगी। किसान जयबीर, वीरेंद्र मान, शमशेर लोहान, अशोक, कुलदीप, राजबीर ने बताया कि खेत में धान की रोपाई के लिए पौध लगाई हुई थी गर्मी के कारण जल गई थी। अब बारिश हुई है। दोबारा से धान की रोपाई के लिए पौध लगाई जाएगी।

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

## पोस्टमार्टम के बाद विसरा जांच के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नशे की ओवरडोज के कारण सिरसा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक युवक की मौत हो गई। मृतक 22 वर्षीय आकाश के शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौंप दिया गया। उधर, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद विसरा जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। उसके बाद मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे। मामले के जांच अधिकारी रविंद्र के अनुसार सिरसा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी आकाश चोरी के एक मामले करीब एक सप्ताह पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। स्वजनों ने बताया कि वह नशा करने का आदी था।

बुधवार को वह घर से निकला था और रात को नशे की हालत में ही वापस आया था। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर आए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की हर पहलू से छानबीन करने में जुटी है।

### डाया गांव में युवक ने फांसी लगाई

**हिसार।** गांव डाया के खेल मैदान के पीछे एक युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी। करीब 30 वर्षीय मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। उसके शव को नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पुलिस के अनुसार बुधवार की दोपहर को सूचना आई की गांव डाया के खेल मैदान के पीछे एक पेड़ से युवक ने कपड़े से फंदा लगाया हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने मृतक के बारे में आसपास पता लगाया, ताकि उसकी पहचान की जा सके। फिलहाल मृतक के शव को नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है।

**जनता मांगे जवाब** | लोगों के चबूतरे टूट रहे हैं, अफसरों के कब्जे क्यों नहीं हट रहे?

### सार्वजनिक संपत्ति है पार्क, उसी में जनता की लगा रखी है नो एंट्री

# डीसी साहब! 36 हजार गज का सार्वजनिक पार्क आखिर किस अधिकार से कर रखा बंद?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सामाजिक संस्था मदद के अध्यक्ष संजीव भोजराज जेसीबी के साथ उपायुक्त आवास पहुंचे और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उपायुक्त आवास के साथ स्थित करीब 36 हजार गज का सार्वजनिक पार्क पिछले लगभग 10 वर्षों से आम जनता के लिए बंद कर रखा है और इस पर प्रशासन ने कब्जा किया हुआ है। संजीव भोजराज ने आरोप लगाया कि यह पार्क जनता की संपत्ति है, लेकिन यहां ताला लगाकर आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गई है, जबकि डीसी आवास इस पार्क का निजी उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 10 साल पहले सिर्फ दो महीने के लिए यह पार्क खोला गया था, उसके बाद से इसे दोबारा बंद कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रशासन आम लोगों द्वारा घरों के बाहर बनाए गए छोटे-छोटे चबूतरों को जेसीबी चलाकर तोड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकारी अधिकारी खुद हजारों गज जमीन पर कब्जा किए बैठे हैं। आखिर प्रशासन की कार्रवाई सिर्फ गरीब और आम जनता पर ही क्यों होती है?


**हिसार।** डीसी आवास के बाहर खड़े संजीव भोजराज। *फोटो : हरिभूमि*

### क्या सिर्फ आम जनता के लिए हैं हाईकोर्ट के आदेश

संजीव भोजराज ने सवाल उठाया कि जब उच्च न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं, तो क्या ये आदेश केवल आम जनता के लिए हैं? सरकारी अधिकारियों को सार्वजनिक जमीन पर कब्जा करने की खुली छूट किसने दी? उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो हिसार की जनता के साथ मिलकर वे स्वयं यह ताला खोलने का काम करेंगे।

### प्रॉपर्टी डीलर पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने महाबीर कॉलोनी में एक प्रॉपर्टी डीलर पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान शहर के ग्लोबल स्पेश निवासी जतिन के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी राकेश ने बताया कि मुख्य सिपाही देवेंद्र ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को काबू किया। इस संबंध में दाहिमा गांव निवासी सुभाष चन्द्र ने शिकायत दी थी कि वह महाबीर कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। गत दोपहर करीब 12 बजे जब वह अपने दफ्तर के बाहर बैठे थे, तब अचानक 8-9 लड़कों ने लाठी-डंडों और गंडासी से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं और आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने इस हमले के पीछे पुरानी रंजिश और जेल में बंद ललित उर्फ बल्लू डागी व उसके साथियों का हाथ होने का शक जताया गया था, जिसमें जतिन व नरेश कुमार की संलिप्तता की बात भी सामने आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी जतिन उर्फ अंकित को ग्लोबल स्पेस के नजदीक से काबू कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी जतिन को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### रास्ता रोककर मारपीट करने में दो लोग दबोचे

**हिसार।** बरवाला पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी खेदड़ निवासी नरेश व सतीश को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदलत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बरवाला थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मजीत ने बताया कि इस संबंध में 2 मई को गांव के ही सुनील की शिकायत पर आरोपियों द्वारा उसे उसे गाड़ी से नीचे उतारकर गाली गलौच करके पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने पर मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान एएसआई फलेल कुमार ने आरोपी नरेश व सतीश निवासी को गिरफ्तार करके अदालत मे पेश किया गया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
द्वारा आयोजित
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस
जन-जागरूकता कार्यक्रम
दिनांक: 31 मई 2026, रविवार
समय: प्रात: 8.00 बजे
स्थान: बस स्टैण्ड, हिसार
NO SMOKING
NO TOBACCO
तम्बाकू के दुष्प्रभाव
फेफड़ों को नुकसान
हृदय रोग का खतरा
कैंसर का कारण
परिवार पर बुरा प्रभाव
दांतों और मसूड़ों को नुकसान
आइए, हस्ताक्षर करें और तम्बाकू मुक्त समाज का संकल्प लें
हर सांस अनमोल है तम्बाकू से दूरी रखें
स्वस्थ व्यक्ति | स्वस्थ परिवार
स्वस्थ समाज | स्वस्थ भारत
आज का संकल्प, कल का सुरक्षित भविष्य
आइए मिलकर तम्बाकू मुक्त समाज बनाएं और आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ भविष्य दें
Co-Sponsor
सत्यम् DR. MAHAJAN'S FAMILY-CARE HOSPITAL Near Budhla Sant Mandir, Rishi Nagar, HISAR - 125001 Ph.: 9896004797
aadhar HEALTH INSTITUTE Tosham Road, Hisar -125005, Haryana +91 97299 13333 /aadharhospitalhisar
MALIK TOYOTA HISAR MAIN SHOWROOM 9996788880 | HISAR NEAR JINDAL FLYOVER 9996788824 | HISAR SOUTH BYPASS 9996788832 | FATEHABAD 8572888830 | TOHANA 9996788839 | HANSI 9053788831 | SIRSA 8572888830 | DABWALI 9053788801 | ELLENABAD 9053788872 | NARNAUND 9996788825
MEDI CITY MULTISPECIALITY HOSPITAL & NEURO CARE CENTER Dr. R. Kumar M.S. (AIIMS, New Delhi) M Ch. (PGIMER, Chandigarh) Dr. Anita Kumari M.S. (Gyn. & Obs.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ SECTOR 16-17, SOUTH BYPASS, HISAR M. 9416044519
SARVESH HEALTH CITY HEALING WITH COMPASSION क्षेत्र का सबसे आधुनिक अस्पताल सेक्टर -14, सिविल अस्पताल के सामने, हिसार Contact: 69 01 62 62 62
MANAV INSTITUTE OF PHARMACY Approved by PCI, Affiliated to UHSR, HSBTE Panchkula B.PHARMACY | B.PHARMACY (LEET) | D.PHARMACY BCA/B.Ed/JBT Polytechnic in DMLT/AIML Fire & Safety/CSE/Elect./Civil/Mech. Mob. 89013-58145, 94668-62228 JEVRA, BARWALA ROAD, HISAR
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल डॉ. एम.एस. पूनियां (B.H.M.S., D.N.H.E.) Jalpur 35 वर्षों का अनुभव Near Bus Stand, Rishi Nagar, Hisar. M. 8570915000
अमृत हस्पताल डॉ. नरेन्द्र गुप्ता M.B.B.S., MD (PSYCHIATRIST) दिमाग, नशा, मानसिक व सैक्स रोग विशेषज्ञ 1481, मार्किट कमेटी के सामने, नई अनाज मंडी, गेट नं. 1, सिरसा रोड, हिसार Mob 89500-78993, 98960-92977
हिसार का Joint Replacement & Sports Injury का सबसे पुराना हस्पताल ARORA ORTHOPAEDIC HOSPITAL हरियाणा सरकार व TPA पैनल सुविधा उपलब्ध BARWALA ROAD, HISAR, M. 9812040141, 9350891620

खबर संक्षेप




हिसार। कृष्णा नगर में सड़क पर जमा सीवरेज का पानी। फोटो: हरिभूमि

## कृष्णा नगर में सीवरेज समस्या से परेशानी

**हिसार।** अभी बारिश का मौसम शुरू नहीं हुआ है किंतु कृष्णा नगर में बिजली निगम कार्यालय से चूना भट्ठी की ओर जाने वाली इस सड़क पर प्रायः सीवरेज का गंदा पानी जमा रहता है। जहां आसपास रहने वाले लोग परेशान हैं, वहीं राहगीरों को भी काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र वासी बजरंग शर्मा, गुलशन कुमार, अनिल व कुलदीप आदि ने बताया कि सीवरेज जाम होने से लंबे समय से इस सड़क पर पानी जमा रहता है। बारिश के दिनों में तो और भी हालत बुरी हो जाती है। दुर्गंध युक्त गंदे पानी से बीमारियां फैलने का भी खतरा उत्पन्न हो गया है। जन स्वास्थ्य विभाग को कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं परंतु ढुलमुल कार्रवाई के चलते आज भी समस्या बरकरार है।

## डॉ. अर्चना के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर बांटे लड्डू

**बरवाला।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया के गांव खरक पुनिया स्थित कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा लड्डू बांटकर प्रसन्नता करते हुए जश्न मनाया गया। इस मौके पर बरवाला मार्केट कमेटी के चेयरमैन प्रवीन सैनी, मनवीर पुनिया, मनोज उर्फ मोनू संदुजा, पार्षद पंकज बादल, डॉ. देशराज, पलवेश गूंदली, ईश्वर पटवारी, खुशी राम, रणधीर सिंह, महाबीर व तेजेन्द्र पुनिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हिसार। तिरुपति धाम में निकाली गई सवारी शोभा यात्रा में पूजा करते अर्चक व हिस्सा लेते श्रद्धालुगण।

## तिरुपति धाम में निकाली गई शोभा यात्रा

**हिसार।** विभिन्न संस्कृतियों के पोषक तिरुपति बालाजी धाम में दो दिन लगातार सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। एक दिन माता पदमावती और दूसरे दिन भगवान वेंकटेश की सवारी पूरे विधि-विधान से निकाली गई। इन सवारी शोभा यात्राओं में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पहले दिन माता पदमावती के विग्रह को विधानस्वरूप रथ में स्थापित पालकी में विराजमान किया गया। पूजा-अर्चना के उपरांत इस रथ को श्रद्धालुओं ने रस्सों से खींचकर धाम की परिक्रमा की। इसी भांति अगले दिन भगवान वेंकटेश, माता लक्ष्मी व माता भूदेवी के विग्रह को रथ में स्थापित पालकी में शोभायमान करके सवारी निकाली गई।

### ऐरोहैड बैडमिंटन एकेडमी खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

# जिला स्पर्धा में लहराया परचम, की स्वर्ण, रजत व कांस्य पदकों की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विद्युत नगर में हुई तीन दिवसीय जिला टूर्नामेंट में गांव डाबड़ा स्थित ऐरोहैड बैडमिंटन एकेडमी के दर्जनों खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मैडल जीतकर अपना व एकेडमी का नाम रोशन किया है। एकेडमी के कोच साहिल थरेजा ने बताया कि आदि ने अंडर- 9 लड़कों के एकल में रजत पदक जीता। जोया ने अंडर-11 लड़कियों के एकल में स्वर्ण पदक और अंडर-13 लड़कियों के युगल में रजत पदक जीता।

किंजल ने अंडर-11 लड़कियों के एकल में कांस्य पदक और अंडर-13 लड़कियों के युगल में कांस्य पदक जीता। रूही ने अंडर-13 लड़कियों के एकल में कांस्य पदक और अंडर-13 लड़कियों के युगल में कांस्य पदक जीता। सुदीक्षा ने अंडर-13 लड़कियों के एकल और अंडर-13 लड़कियों के युगल में रजत पदक जीता। सक्षम ने अंडर-11 लड़कों के एकल में कांस्य पदक और अंडर-11 लड़कों के युगल में कांस्य पदक जीता। दिव्यराज ने अंडर-11 लड़कों के युगल में



हिसार। ऐरोहैड बैडमिंटन एकेडमी के विजेता खिलाड़ी अपने कोच साहिल थरेजा के साथ।

कांस्य पदक जीता। समर ने अंडर-13 लड़कों के युगल में स्वर्ण पदक और अंडर-13 लड़कों के एकल में रजत पदक जीता। नेतन्या ने अंडर-15 लड़कियों के युगल में कांस्य पदक जीता। अस्मिता ने अंडर-15 लड़कियों के युगल में कांस्य पदक जीता। आदविक ने अंडर-13 लड़कों के एकल और अंडर-13 लड़कों के युगल में स्वर्ण पदक, अंडर-15 लड़कों के युगल में रजत पदक और अंडर-15 लड़कों के एकल में कांस्य पदक जीता। दिवित ने अंडर-15 लड़कों के युगल में रजत पदक और अंडर-15 लड़कों के एकल में कांस्य पदक जीता। दिव्यांश ने अंडर-15 लड़कों के युगल में कांस्य पदक जीता। वैभव ने अंडर-15 लड़कों के युगल में कांस्य पदक जीता। तेजस ने अंडर-13 लड़कों के युगल में रजत पदक जीता। आरव ने अंडर-13 लड़कों के युगल में रजत पदक जीता। दुष्यंत ने मिश्रित युगल में रजत पदक जीता। दिशांत ने अंडर-17 लड़कों के युगल में कांस्य पदक जीता। आशीष ने अंडर-17 लड़कों के युगल में कांस्य पदक जीता। सुमित ने अंडर-19 लड़कों के युगल में कांस्य पदक जीता। दीपांशु ने अंडर-19 लड़कों के युगल में कांस्य पदक जीता।

इसी तरह साक्षी ने अंडर-17 मिश्रित युगल में रजत पदक और अंडर-17 लड़कियों के एकल में कांस्य पदक जीता। अवनी ने अंडर-17 लड़कियों के एकल और अंडर-19 लड़कियों के एकल में कांस्य पदक जीता। ईशान ने अंडर-17 लड़कों के एकल और अंडर-17 लड़कों के युगल में रजत पदक जीता। समर्थ ने अंडर-17 लड़कों के एकल में कांस्य पदक जीता। आरोन ने अंडर-17 एकल और अंडर-17 लड़कों के युगल में स्वर्ण पदक जीता। स्वयं ने अंडर-19 लड़कों के एकल में स्वर्ण पदक और पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता। अंश ने अंडर-19 लड़कों के युगल में कांस्य पदक जीता। नमन ने अंडर-19 लड़कों के युगल में कांस्य पदक जीता।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## 'सक्सेस मंत्रा-2026' एडमिशन मंत्रा ने रचा नया कीर्तिमान

### मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- 150 से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में की शिरकत

एडमिशन मंत्रा द्वारा सक्सेस मंत्रा वाई एडमिशन मंत्रा-2026 नामक एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन छात्रों के लिए आयोजित किया गया था, जिन्होंने पीटीई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर छात्रा कुमारी तेजल घनघस एवं देवांशी बिश्नोई को पीटीई परीक्षा में परफेक्ट 90 अंक प्राप्त करने पर एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक अभिजीत फोगाट ने छात्रों एवं अभिभावकों को वीज़ा एवं करियर काउंसलिंग के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। वहीं, सेंटर हेड पलक मलिक ने सभी प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पीटीई ट्रेनर मिली मेहता ने विद्यार्थियों को उच्च स्कोर प्राप्त करने की प्रभावी रणनीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही जीएम राधे सोलंकी ने विदेश में अध्ययन एवं करियर के विभिन्न अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा अन्य विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया।

- अब गंगवा में भी 5 दिवसीय योग शिविर का शुभारम्भ

# योग जागरण अभियान को मिला नया विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पतंजलि योग समिति हिसार एवं भारत स्वाभिमान द्वारा शहर में चलाए जा रहे योग जागरण अभियान को अब ग्रामीण क्षेत्र में भी व्यापक समर्थन मिलने लगा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ग्राम पंचायत गंगवा एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में 30 मई से फुटबाल स्टेडियम गंगवा में 5 दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविर का शुभारम्भ किया जाएगा। शिविर में जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति हिसार वीरेन्द्र बड़ाला मुख्य योग शिक्षक के रूप में योगाभ्यास करवाएंगे। इधर, शहर में मिलगेट स्थित ओ.पी. जिंदल मेमोरियल पार्क तथा जिंदल पार्क, बस स्टैंड के निकट



हिसार। शिविर में योग करते साधक। फोटो: हरिभूमि

आयोजित योग शिविरों के तीसरे दिन भी भारी उत्साह देखने को मिला। प्रातः एवं सायंकालीन सत्रों में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर योग एवं प्राणायाम का लाभ उठाया। समिति के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं बल्कि जीवन को अनुशासित एवं ऊर्जावान बनाने की श्रेष्ठ पद्धति है। पतंजलि का उद्देश्य योग एवं आयुर्वेद के माध्यम से समाज को निरोग बनाना है। मिलगेट स्थित शिविर में डॉ. मुकेश कुमार प्रभारी भारत स्वाभिमान जिला , हिसार ने साधकों को व्यायाम, प्राणायाम, कमर दर्द से राहत देने वाले आसन तथा मोटापा कम करने वाले विशेष योगासन करवाए।

# अतिक्रमण एवं गंदगी फैलाने वालों पर नप की सख्त कार्रवाई, 9 लोगों के काटे चालान

- डीसी के निर्देश पर लगातार दूसरे दिन चला विशेष अभियान
- दुकानदारों व नागरिकों को दी गई सख्त चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

नगर परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार दूसरे दिन भी विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा-करकट फेंकने तथा सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कुल नौ चालान काटे गए। नगर परिषद की टीम ने सफाई निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में बजरंग आश्रम रोड़ तथा बस



हांसी। अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का चालान काटते नगर परिषद के अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

स्टैंड के सामने विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने सड़क किनारे अवैध रूप से सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को मौके पर चेतावनी दी तथा छह दुकानदारों के चालान किए। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थलों एवं सड़कों पर कूड़ा-करकट फेंककर गंदगी फैलाने वाले तीन नागरिकों के भी चालान काटे गए। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद की टीम ने दुकानदारों, रेहड़ी संचालकों तथा आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक दुकान एवं रेहड़ी पर डस्टबिन रखना अनिवार्य है। साथ ही दुकानदारों को निर्देश दिए गए कि वे अपनी दुकानों का कूड़ा सड़क या नालियों में न डालें। अभियान में प्रशिक्षण अधीन सफाई निरीक्षक प्रीति, मधु, दीपक, मोहित, साहिल, रेखा तथा प्रमोद सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। टीम ने कई स्थानों पर निरीक्षण करते हुए दुकानदारों को सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# विधायक भयाना ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

- हांसी जंक्शन पर ट्रेनों के ठहराव व रेल सुविधाओं के विस्तार की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

विधायक विनोद भयाना ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर हांसी जंक्शन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव तथा रेल सेवाओं के विस्तार की मांग रखी। विधायक ने रेल मंत्री को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि हांसी को हाल ही में हरियाणा का 23वां जिला बनाया गया है, जिसके बाद यहां रेल सुविधाओं का विस्तार आवश्यक हो गया है। विधायक ने रेल मंत्री को अवगत करवाया कि हांसी रेलवे स्टेशन उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जंक्शन के रूप में विकसित हो चुका



है। विधायक ने रेल मंत्री से गोरखपुर-भटिंडा एक्सप्रेस के हांसी जंक्शन पर नियमित ठहराव की मांग की। अगरतला-फिरोजपुर एक्सप्रेस का हांसी में ठहराव सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया गया। भयाना ने हरिद्वार-बीकानेर एक्सप्रेस तथा साबरमती-कटरा एक्सप्रेस के हांसी जंक्शन पर ठहराव की मांग भी प्रमुखता से उठाई। उन्होंने जोधपुर-हिसार एक्सप्रेस का विस्तार भिवानी तक करने की मांग भी रखी।

- संगोष्ठी के लिए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह को किया आमंत्रित

# 'विश्व शांति और भारतीय दर्शन' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 25 जून को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- भारतीय सांस्कृतिक चिंतन, विश्व शांति और मानवीय मूल्यों पर हुई सार्थक चर्चा

भारत सरकार के केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को आगामी 25 जून को लद्दाख विश्वविद्यालय लेह में आयोजित होने वाली एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'विश्व शांति और भारतीय दर्शन' में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचने के लिए निमंत्रण दिया गया। यह संगोष्ठी हिमालय परिवार, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार, लद्दाख



हिसार। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को निमंत्रण देतीं डॉ. मोनिका एवं डॉ. तेजपाल चुंडावत। फोटो: हरिभूमि

विश्वविद्यालय, लेह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जाएगी। निमंत्रण देने वाले विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल में हिमालय परिवार की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. मोनिका एवं गुजवि से डॉ. तेजपाल चुंडावत शामिल थे। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस अभिनव एवं सार्थक पहल की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और दर्शन सदैव वसुधैव कुटुम्बम तथा विश्व बंधुत्व की भावना के संवाहक रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भारत की सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक चिंतन और मानवीय मूल्यों को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में स्थापित करने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



हिसार। नई सब्जी मंडी में भंडारा वितरित करते श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल ने लगाया 43वां भंडारा

**हिसार।** श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की टीम ने बारस पर नई सब्जी मंडी में 43वां मासिक भंडारा लगाया। भंडारे की शुरुआत वरिष्ठ सदस्य प्रवीण सहारण व अमनदीप ने भोग लगवाकर की। इस अवसर पर मंडल के प्रधान सुरेन्द्र बालान, कोषाध्यक्ष अरुण सेठी, रामगोपाल कुकडेजा, हैप्पी सैनी, डॉक्टर मोहित, राजेंद्र सैनी, राकेश, हैप्पी बालान, संजय शर्मा, राकेश, बंसी , डॉ संजय, सौरभ, गुलशन गाबा, संदीप जांगड़ा, विजय बालान, शम्मी बालान, अनिल बालान, गोगा आदि उपस्थित रहे।

## प्रकृति का संतुलन बनाए रखना आवश्यक : डॉ. सहारण

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) तथा भारत विकास परिषद वीर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में छायादार वृक्षों के पौधरोपण अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही पर्यावरण एवं वृक्ष विषय पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुनील कुमार, प्रो. भावना, प्रो. मोनिका, प्रो. पंकज तथा वीर शाखा के पर्यावरण गतिविधि संयोजक विकास खरब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने की।

## सरस्वती गोल्ड सूक में स्वर्ण उत्सव ज्वेलरी प्रदर्शनी कल से

**हिसार।** शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलरी डेस्टिनेशन सरस्वती गोल्ड सूक द्वारा आगामी 30 मई से तीन दिवसीय स्वर्ण उत्सव नामक भव्य ज्वेलरी प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष प्रदर्शनी ग्राहकों के लिए पारंपरिक एवं आधुनिक आभूषणों का अनूठा संगम लेकर आएगी। सरस्वती गोल्ड सूक के जितेन्द्र जैन ने बताया कि प्रदर्शनी में देश के चार प्रसिद्ध ज्वेलरी ब्रांड अपनी विशेष कलेक्शन प्रस्तुत करेंगे। इनमें जार ज्वेल्स द्वारा मॉडर्न ज्वेलरी, दिव्यम द्वारा दक्षिण भारत की प्रसिद्ध टेंपल ज्वेलरी, राजवाड़ा गोल्ड द्वारा एंटीक ज्वेलरी तथा ऑरा डायमंड्स द्वारा आकर्षक डायमंड ज्वेलरी प्रदर्शित की जाएगी। प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य नरेंद्र रतूसरिया सिरसा रहेंगे, जो कार्यक्रम के दौरान उपस्थित होकर लोगों को ज्योतिष परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

## सेंधमारी के मामलों में 11% गिरावट, 64 आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस की सख्ती व गश्त का प्रभावी असर दिखने लगा है। जिले में सेंधमारी के मामलों में करीब 11 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी में भी बड़ा इजाफा हुआ है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार 1 जनवरी 2026 से 27 मई 2026 तक जिला हांसी में सेंधमारी के कुल 55 मामले दर्ज किए गए। जबकि वर्ष 2025 की इसी अवधि में 62 मामले सामने आए थे। इस तरह सेंधमारी की घटनाओं में लगभग 11 फीसद की कमी आई है। वहीं हांसी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 2026 में अब तक सेंधमारी के 64 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 36 था। पुलिस ने कई मामलों का खुलासा करते हुए चोरी गया सामान भी बरामद किया है।

**गश्त और तकनीक बनी हथियार :** एसपी विनोद कुमार ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा दिन-रात गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी और तकनीकी जांच को और मजबूत किया गया है। अपराधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। एसपी ने आमजन से अपील की कि घरों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतें। घर या दुकान बंद करते समय सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

त्योहार

### क्रांतिमान पार्क में अदा की ईद-उल-अजहा की नमाज, सभी को दी मुबारकबाद

कहा- सभी धर्म हमें प्रेम, शांति, भाईचारा सौहार्द और मानवता का संदेश देते हैं

# मुस्लिम समुदाय ने ईद-उल-अजहा पर मांगी देश की खुशहाली व अमन की दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के क्रांतिमान पार्क में ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर ईद की नमाज अता की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया और देश एवं प्रदेश की खुशहाली, अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ मांगी। नमाज अदा करने के पश्चात सभी ने को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, समर्पण और इंसानियत की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि सभी धर्म हमें प्रेम, शांति और मानवता का संदेश देते हैं तथा समाज में आपसी सद्भाव बनाए



हिसार। क्रांतिमान पार्क में ईद के मौके नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**मक्का मस्जिद मल्लापुर में नमाज अता की:** मक्का मस्जिद मल्लापुर में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा कुर्बानी के पाक त्यौहार ईद-उल-अजहा की नमाज अता की गई। ईमाम अब्दुल सतार साहब ने नमाज से पहले कुर्बानी के बारे विस्तार से बयान किया और नमाज के बाद देश व दुनियाँ के सभी जीव-जन्तु प्राणियों, इन्सान मर्द-औरत , छोटे-बड़ों के लिए अमन-चैन, खुशहाली

### ईद त्याग और भाईचारे का प्रतीक : सिराजुद्दीन

कैमरी रोड पर नमाजे ईद-उल-अजहा मनाई गई जिसमें भारी संख्या में अहमदिया मुसलमानों ने शिरकत की और नमाज पढ़ी। नमाज प्रचार प्रमुख शेख सिराजुद्दीन ने नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद अपने अभिभाषण में शेख सिराजुदीन ने गुरुवार को ईद उल अजहा की व्याख्या और विशेषता का जिक्र किया।

,तन्दरूस्ती आपसी भाई चारे प्यार मुहब्बत के लिए दुआएं मांगी। मस्जिद के प्रधान ताज मोहम्मद ने ईद की मुबारकबाद दी। ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर भिन्न भिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए। गांव के सभी समुदाय के लोग मस्जिद में एकत्रित हो कर एक दुसरे को गले लगकर मुबारकबाद दी और इकट्ठे बैठकर खाने का आनन्द लिया व भाई चारे की मिसाल कायम की। इस मौके मस्जिद के प्रधान ताज मोहम्मद, मास्टर सुतार दीन, लाल दीन, इद्दुदीन, छेलुदीन, नूरमोहम्मद, आमीन दीन, मोबीन दीन , शरीफ दीन, सुबेदीन, मनीरदीन, लीलूदीन, साबरदीन, हबीब, इकबाल, सलीम, सलामुद्दीन, अकबर खान, युसुफ, असलम, अनवर, सलामुद्दीन, माजिद, रासीद खान, अजरूदीन, मेहर दीन, शिकन्दर, शौकीन, बीरभान ,आमीर खान,चिराग दीन ,बरकत दीन, समीर खान व अन्य उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी कल करेंगे कैबिनेट मंत्री गंगवा के आवास का घेराव

**हिसार।** हिसार ब्लॉक में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का धरना लघु सचिवालय के सामने लगातार 14वें दिन भी जारी रहा। इसकी अध्यक्षता प्रथम ब्लॉक प्रधान नरेश व रमेश की। धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों का समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। भवन निर्माण मजदूर यूनियन हरियाणा के राज्य अध्यक्ष एवं सीटू नेता मनोज कुमार ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। कर्मचारियों को पक्का किया जाए, मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लागू किया जाए तथा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाए। जिला सचिव राकेश फौजी ने धरना स्थल से घोषणा की कि 30 मई को कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 24 बोतल अवैध शराब सहित आरोपी पकड़ा

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए गांव मोहब्बतपुर से एक आरोपी को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना आदमपुर में तैनात मुख्य सिपाही देवेन्द्र कुमार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप को काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 51 पव्वे अवैध शराब बरामद हुई। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### भारी मात्रा में लाहन व अवैध शराब बरामद

**हिसार।** स्वेट कमांडो टीम-1 व डॉग स्क्वॉड की टीम ने मुख्य सिपाही जयभगवान के नेतृत्व में सघन चैकिंग अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव किरोड़ी में एक आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में लाहन व अवैध शराब बरामद की है। मुख्य सिपाही जयभगवान ने बताया कि स्वेट कमांडो टीम-1 व डॉग स्क्वॉड की टीम द्वारा गांव किरोड़ी में सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान टीम ने कार्रवाई करते हुए गांव के राजबीर के मकान पर दबिश दी। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 60 लीटर लाहन शराब तथा 7 लीटर अवैध हथकड़ शराब बरामद हुई। उस पर अग्रोहा थाना में केस दर्ज कर लिया गया है।

### आदमपुर पुलिस ने भगौड़ा पकड़ा

**हिसार।** विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों व बेल जंपरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए आदमपुर पुलिस की टीम ने एनआईए एक्ट के मामले में फरार चल रहे पीओ को काबू किया है। पकड़े गए पीओ की पहचान सदलपुर निवासी निहाल सिंह के रूप में हुई है। आरोपी पीओ को धारा 174ए में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी इससे पहले अदालत के आदेशानुसार एनआईए एक्ट के मामले में पीओ घोषित था।

### अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने गांव कंवारी में देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कंवारी गांव निवासी आजाद उर्फ सोनू के रूप में हुई है। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने बताया कि गश्त व अपराध जांच के दौरान गांव कंवारी बस स्टैंड क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गांव कंवारी निवासी आजाद उर्फ सोनू अपनी दुकान के बाहर अवैध शराब बेचने के लिए रखे हुए है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंच आरोपी को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 12 बोतल देशी शराब बरामद हुई।

### समर कैंप में बच्चों को दी सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

**हिसार।** सैपलिंग्स लर्निंग नेस्ट स्कूल की ओर से उत्साह एवं उमंग के साथ समर कैंप की शुरुआत की गई। समर कैंप का शुभारंभ बच्चों के लिए आयोजित एक निःशुल्क सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप के साथ हुआ, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों को सेल्फ डिफेंस कोच रोहतास कुमार ने सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग हर बच्चे को दी जानी चाहिए। इस अवसर पर बच्चों को समर कैंप के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी एवं प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया। कैंप में डांस, स्केट्स, योगा, ताइक्वांडो सहित अनेक रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियां करवाई गईं, जिनका बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ आनंद लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

वानप्रस्थ की पहल बनी मिसाल | सीनियर सिटीजन्स ने दिखाई जल संरक्षण की नई राह

# रिचार्ज कुओं से मिली जलभराव से राहत, सुधरा भूजल स्तर

शमशेर सैनी ▶▶ हिसार

शहर में जलभराव की समस्या और लगातार गिरते भूजल स्तर के बीच वानप्रस्थ सीनियर सिटीजन्स ग्रुप की पहल अब एक सफल मॉडल बनकर सामने आई है। अर्बन एस्टेट स्थित शाश्वत पार्क में शुरू किए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग अभियान ने न केवल बारिश के दिनों में जलभराव से राहत दिलाई, बल्कि भूजल स्तर सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस दूरदर्शी अभियान की शुरुआत बिजली निगम से सेवानिवृत्त एसई विजय प्रभाकर ने 15 जून 2018 को की थी। उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए 'रिचार्ज कुओं' की अवधारणा को व्यावहारिक रूप दिया। वानप्रस्थ ग्रुप के सहयोग से शुरुआत में शाश्वत पार्क में तीन रिचार्ज कुएं बनाए गए। इसके चमत्कारी परिणाम देखकर वर्ष 2019 में



**हिसार।** शाश्वत पार्क में बनाया गया रिचार्ज कुआं। *फोटो : हरिभूमि*

आपसी सहयोग से 12 और कुएं स्थापित किए गए। वर्तमान में निगम के अधीन कई पार्कों में रिचार्ज कुओं बनाए जा चुके हैं, हालांकि वानप्रस्थ सीनियर सिटीजन्स ग्रुप द्वारा बनाए रिचार्ज कुओं के मुकाबले यह कम प्रभावी है। वानप्रस्थ ने जिस तकनीकी के साथ प्रभावी रिचार्ज कुएं बनाए, उनकी लागत 30-40 हजार के बीच है, जबकि निगम प्रशासन की एजेंसी द्वारा बनाए गए कुएं की लागत लाखों में है।



**हिसार।** वानप्रस्थ सीनियर सिटीजन्स ग्रुप। फोटो : हरिभूमि

#### दो दिन की बारिश में दिखा असर

रिटायर्ड एसई विजय प्रभाकर के अनुसार, सितंबर 2018 में दो दिनों में हुई 62 मिमी बारिश के दौरान पार्क में करीब तीन फुट तक पानी भर गया था, लेकिन प्रत्येक कुएं की लगभग 190 लीटर प्रति मिनट की डिस्चार्ज क्षमता के कारण पानी तेजी से जमीन में समा गया। इससे आसपास के क्षेत्र में जलभराव की समस्या काफी हद तक कम हो गई। इस सफलता के बाद यह मॉडल शहरभर में चर्चा का विषय बन गया और लोगों ने इसे जल संरक्षण की दिशा में कारगर पहल माना। शाश्वत पार्क के बाद सत्य एन्क्लेव, शास्त्री पार्क आदि स्थानों पर भी वानप्रस्थ डिग्निटी ट्रस्ट ने सामाजिक सहयोग से 12 रिचार्ज कुओं का निर्माण कराया, जोकि जल संरक्षण में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। रिटायर्ड एसई प्रभाकर की इस मुहिम को सिरे चढ़ाने में वानप्रस्थ के सदस्यों के अलावा हकृवि से रिटायर्ड सतीश कालड़ा की विशेष भूमिका रही। शुरुआत के रिचार्ज कुएं बनाने में सतीश कालड़ा ने आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई।

#### कीप-नुमा संरचना से जमीन तक पहुंचता है पानी

प्रभाकर ने बताया कि रिचार्ज कुएं की संरचना कीप के आकार की होती है। इसका ऊपरी हिस्सा करीब तीन फुट व्यास का कुआं होता है, जो नीचे चोए तक जाता है। इसके भीतर पांच इंच व्यास की पाइप रेत की परत तक पहुंचाई जाती है। साथ ही एक छिद्रित पाइप जोड़कर शेष हिस्से को पत्थरों से भर दिया जाता है। इस व्यवस्था में ऊपरी भाग फिल्टर का काम करता है, जिससे छनकर पानी सीधे जमीन की रेत वाली परत में पहुंचता रहता है।

#### शहरीकरण से बढ़ी चुनौती



*विजय प्रभाकर का कहना है कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और कंक्रीट निर्माण के कारण वर्षा जल जमीन में नहीं समा पाता। इसका परिणाम जलभराव और गिरते भूजल स्तर के रूप में सामने आ रहा है। ऐसे में रेन वाटर हार्वेस्टिंग समय की जरूरत बन चुकी है।*

#### निगम के स्ट्रक्चर रखरखाव के अभाव में निष्प्रभावी

वानप्रस्थ की पहल से प्रेरित होकर नगर निगम ने भी शहर के कई पार्कों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनवाए। हालांकि, भारी-भरकम डिजाइन, सीमित जल प्रवाह और नियमित रखरखाव के अभाव में अधिकांश संरचनाएं प्रभावी साबित नहीं हो सकीं। निगम द्वारा बनाए गए स्ट्रक्चर्स में चार चैम्बर्स और सीमेंटेड दीवारों वाला कुआं बनाया गया, जिससे पानी का रिसाव सीमित हो गया। वहीं पानी के प्रवेश के लिए छोटे मोरे बनाए गए, जबकि वानप्रस्थ मॉडल में चारों दिशाओं से पानी आसानी से प्रवेश कर सकता है।

#### सहयोग से मिलेगी स्थायी राहत



*वानप्रस्थ के वरिष्ठ सदस्य सतीश कालड़ा ने कहा कि यदि सामाजिक संगठन और आम नागरिक भी इस तरह की पहल में भागीदारी करें तो शहर में जलभराव और जल संकट जैसी समस्याओं से काफी हद तक राहत मिल सकती है।*

### पिछले वर्ष की तुलना में 29 फीसद वृद्धि

# डीएचबीवीएन क्षेत्र में बिजली की खपत 1550 लाख यूनिट के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा सरकार के विशेष ऊर्जा सचिव एवं उत्तर व दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगमों के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने कहा है कि डीएचबीवीएन क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग लगातार नए स्तर छू रही है। निगम क्षेत्र में बुधवार तक कुल बिजली खपत 1550.19 लाख यूनिट दर्ज हुई।

प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने गुरुवार को बताया कि भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) क्षेत्र में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। 27 मई 2026 को निगम क्षेत्र में कुल बिजली खपत 1550.19 लाख यूनिट दर्ज की गई, जो पिछले दिन की तुलना में 1.87 प्रतिशत अधिक तथा पिछले वर्ष के समान दिन 27 मई 2025 की तुलना में 28.78 प्रतिशत ज्यादा रही। निगम प्रवक्ता संजय चुघ के अनुसार दिल्ली जोन में सर्वाधिक 1050.22 लाख यूनिट बिजली खपत दर्ज की गई। इसमें गुरुग्राम-द्वितीय सर्कल की खपत 317.73 लाख यूनिट रही, जो पूरे जोन में सबसे अधिक रही। फरीदाबाद सर्कल में 274.83 लाख यूनिट तथा गुरुग्राम-प्रथम सर्कल में 192.47 लाख यूनिट बिजली की खपत दर्ज की गई।

#### हिसार जोन में 499.97 लाख यूनिट की खपत

हिसार जोन में कुल 499.97 लाख यूनिट बिजली की खपत रिकॉर्ड की गई। इस जोन में हिसार सर्कल में 124.82 लाख यूनिट, सिरसा सर्कल में 101.24 लाख यूनिट तथा भिवानी सर्कल में 103.99 लाख यूनिट बिजली की खपत रही। डीएचबीवीएन क्षेत्र में शहरी श्रेणी में 694.43 लाख यूनिट तथा ग्रामीण घरेलू श्रेणी में 336.31 लाख यूनिट बिजली की खपत दर्ज हुई।

#### ओवरलोडिंग से निपटने के लिए मॉनिटरिंग

आंकड़ों के अनुसार कृषि, ग्रामीण घरेलू तथा शहरी क्षेत्रों में बिजली की मांग में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी, एयर कंडीशनर और कूलिंग उपकरणों के अधिक उपयोग के चलते बिजली मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। निगम की टीमें बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने तथा ओवरलोडिंग की स्थिति से निपटने के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रही हैं और फील्ड में सक्रिय रहकर किसी भी तकनीकी बाधा का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही हैं।

#### शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में 23 घंटे से अधिक सप्लाई दर्ज

#### अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रही सुचारू : विक्रम सिंह



**हिसार।** हरियाणा सरकार के विशेष ऊर्जा सचिव एवं उत्तर व दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगमों के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने कहा है कि डीएचबीवीएन द्वारा अधिकांश जिलों में शहरी और औद्योगिक उपभोक्ताओं को लगभग निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई गई। प्रबंध निदेशक ने गुरुवार को बताया कि 27 मई तक आई बिजली आपूर्ति रिपोर्ट के अनुसार गुरुग्राम-2, हिसार तथा सिरसा सर्कलों में शहरी क्षेत्रों को लगभग 24 घंटे बिजली आपूर्ति दी गई। वहीं औद्योगिक क्षेत्रों में भी अधिकांश सर्कलों में 23 घंटे 35 मिनट से अधिक सप्लाई दर्ज की गई, जिससे उद्योगों की गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित होती रहीं। प्रबंध निदेशक ने बताया कि गुरुग्राम-1 एवं गुरुग्राम-2 सर्कलों में शहरी क्षेत्रों को क्रमशः 23:41 घंटे और 23:55 घंटे बिजली आपूर्ति मिली, जबकि औद्योगिक क्षेत्रों में भी 23:51 घंटे और 23:50 घंटे सप्लाई दर्ज की गई। ग्रामीण घरेलू क्षेत्रों में निर्धारित 16 घंटे और 24 घंटे श्रेणी के अनुसार बिजली आपूर्ति की गई। पलवल, भिवानी, हिसार, फतेहाबाद एवं जींद सर्कलों में ग्रामीण क्षेत्रों में 15 घंटे से अधिक सप्लाई दर्ज हुई। प्रबंध निदेशक ने बताया कि कृषि उपभोक्ताओं के लिए एपी श्रेणी के फीडरों पर भी निर्धारित समय के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई गई। कई क्षेत्रों में पीएटी स्थापित कृषि फीडरों पर 15 से 17 घंटे तक बिजली आपूर्ति दर्ज की गई, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित नहीं हुए।

## डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से खुशी की लहर : डॉ. आशा

- प्रदेश संगठन को मिलेगा अनुभवों का लाभ, कार्यकर्ताओं को मिलेगी नई ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में भारी उत्साह का माहौल है। भाजपा हिसार जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ सहित जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. अर्चना गुप्ता को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता एक अनुभवी, कर्मठ एवं संगठन के प्रति समर्पित नेता हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन हरियाणा में और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना



**हिसार।** डॉ. अर्चना गुप्ता को बधाई देती जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़।

गुप्ता लंबे समय से पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ पूरे प्रदेश संगठन को मिलेगा तथा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन ने डॉ. अर्चना गुप्ता के लंबे सांगठनिक अनुभव व पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी है, जो स्वागत योग्य है।

### निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरण अभियान प्रारंभ

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर डीएन कॉलेज रोड केएल आर्य डीएवी पब्लिक स्कूल में बेटियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं स्वच्छता को समर्पित एक विशेष पहल की गई। डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय अध्यक्ष अनिल कुमार राव के मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग से विद्यालय में छात्राओं के लिए निशुल्क सैनिटरी पैड वितरण अभियान प्रारंभ किया गया। विद्यालय में छात्राओं एवं महिला स्टाफ की सुविधा के लिए एक विशेष ऑटोमैटिक सैनिटरी नैपकिन डिस्पोजल मशीन (इन्सिनरेटर) भी स्थापित की गई।



**हिसार।** समस्याएं सुनते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा। *फोटो : हरिभूमि*

## हर व्यक्ति की आवाज को प्राथमिकता देना सरकार का उद्देश्य : गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और हर व्यक्ति की आवाज़ को प्राथमिकता देना हरियाणा सरकार का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है तथा अधिकारियों को भी जनहित के कार्यों में पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा गुरुवार को यहां क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनकर सुझाव ले रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्रवाई की एक्शन टेकन रिपोर्ट उनके कार्यालय में भिजवाई जाए ताकि समस्याओं के समाधान की नियमित समीक्षा की जा सके। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार जनता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

### गांजा तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल टीम ने गांजा तस्करी मामले में कार्रवाई करते हुए मामले के असल सप्लायर को काबू किया है। काबू किये गये आरोपी की पहचान मुलतानी चौक निवासी साहिल शर्मा के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप निरीक्षक इन्द्र सिंह गोदारा ने बताया कि उनकी टीम द्वारा पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान गांजा सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायर का खुलासा हुआ। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों के बारे में भी गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि नशा तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए हर स्तर पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## नागरिक अस्पताल में उखाड़कर छोड़ दी ठेकेदार ने सड़क, मरीज व साथ आने वाले परेशान

- गंभीर मरीजों व गर्भवती महिलाओं को भी छोड़ना पड़ रहा इमरजेंसी वार्ड से दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के नागरिक अस्पताल में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के चलते मरीजों व उनके साथ आने वालों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोक निर्माण विभाग एवं उनके ठेकेदारों के ढीलेपन का आलम यह है कि सड़क को उखाड़कर छोड़ दिया गया है, लेकिन कब बनाई जाएगी, इसका कोई टाइम नहीं है। जिला नागरिक अस्पताल की सड़क खोदकर छोड़ दी गई है, जिस कारण मरीजों को इमरजेंसी वार्ड में आने के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं। रोड उखड़ने से इमरजेंसी वार्ड के सामने वाली सड़क ऊंची हो गई है, इस पर एंबुलेंस और कार नहीं चढ़ पाती। इसके कारण उनको मरीजों को दूर से ही उतारना पड़ता है। इससे मरीजों और उनके रिश्तेदारों के चोटिल होने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा गर्भवती महिलाएं भी टूटी सड़क देखकर रास्ता बदलकर जा रही हैं। नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष खतरेजा का कहना है कि कंस्ट्रेक्शन वर्क के कारण दिक्कतें आ रही हैं। नागरिक अस्पताल में बीएंडआर की तरफ से इसी



साल फरवरी में करीब सवा करोड़ रुपये से रोड निर्माण का काम शुरू किया गया था। शुरुआत में यहां मिट्टी डाली गई थी। इसके बाद एक-एक रोड को उखाड़कर बनाया गया। मगर जिस रोड को जल्दी और पहले बनाना चाहिए था वह अब तक अधूरा पड़ा है। इससे मरीजों को परेशानी हो रही है।

लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता गौरव जैन ने बताया कि ठेकेदार लगातार काम कर रहा है। उन्होंने रात को भी निरीक्षण किया था। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी वार्ड के सामने वाला काम पहले करवा दिया जाएगा। यह रोड सीसी का बन रहा है और 15 दिन में रोड बनकर तैयार हो जाएगा।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक पुराने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू कर लिया है। आरोपी की पहचान भाणा निवासी सन्नी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी डीएसपी प्रिया ने बताया कि इस संबंध में पिछले वर्ष 9 नवंबर को भोडिया बिश्नोइयान निवासी संदीप ने शिकायत दी थी कि वह रात के समय जलघर के पास एक शादी समारोह में गया हुआ था। वापिस आने पर उसकी मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। शिकायत पर मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की गई। मामले की जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक रोहताश ने गश्त व अपराध जांच के दौरान भाणा निवासी सन्नी को शक के आधार पर काबू कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने उक्त मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

### बसपा का पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन एक को

**हिसार।** बसपा की ओर से एक जून को हिसार में शासन एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह प्रदर्शन तलवंडी बादशाहपुर निवासी अनिल रेडू को न्याय दिलाने की मांग को लेकर किया जाएगा। बसपा हिसार लोकसभा जोन प्रभारी संजय महंच, जिला अध्यक्ष रविन्द्र चौहान एवं प्रवक्ता पवन सातरोड ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन आगामी एक जून को प्रातः 9 बजे क्रांतिमान पार्क में होगा।



**हिसार।** 'उमिंगला पास' फतह करने के बाद शौर्य। फोटो : हरिभूमि

### दुनिया के सबसे ऊंचे मोटरेबल 'उमिंगला पास' फतह कर शौर्य कालीरमण ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

**हिसार।** युवा साहसी बाइक राइडर शौर्य कालीरमण ने मात्र 18 वर्ष 3 माह की आयु में दुनिया के सबसे ऊंचे मोटरेबल 'उमिंगला पास' (लेह-लद्दाख) तक पहुंचकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। निकटवर्ती गांव सिसाय निवासी शौर्य कालीरमण ने यह साहसिक कार्य 25 मई को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह यात्रा उन्होंने दिल्ली से श्रीनगर होते हुए हानले एवं उमिंगला पास तक पूरी की जिसकी ऊंचाई समुद्र तल से 19 हजार 024 फीट है। इस उपलब्धि से शौर्य कालीरमन ने उमलिंग ला पास तक मोटरसाइकिल चलाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति का खिताब जीता है। शौर्य की इस उपलब्धि से गांव सिसाय, आसपास के क्षेत्र तथा प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है। इस अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्तियों, नौजवानों, बुजुर्गों, सहपाठियों एवं ग्रामीणों ने शौर्य कालीरमण को बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों का मानना है कि शौर्य की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा इसके क्षेत्र और देश का नाम रोशन हुआ है।

### अर्थशास्त्र कार्यक्रमों के लिए प्रवेश शुरू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में सत्र 2026-27 के लिए शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश प्रारम्भ हो गए हैं। इनमें बीएससी इकोनॉमिक्स प्रोग्राम तथा एमएससी इकोनॉमिक्स प्रोग्राम शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि ये कार्यक्रम शिक्षण, शोध, सिविल सेवा, बैंकिंग एवं वित्त, कंसल्टेंसी, कॉरपोरेट क्षेत्र, सार्वजनिक नीति संस्थानों, डेटा एनालिटिक्स तथा उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट करियर अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही शोध एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को यूजीसी-नेट/जेआरएफ तथा पीएचडी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायक होते हैं।

31 मई से 7 जून तक जिंदल ज्ञान केंद्र पार्क में होगा रंगोत्सव-2026

## बच्चों को पेंटिंग, स्केचिंग व अन्य रचनात्मक गतिविधियों की मिलेगी फ्री ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आकार वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित किए जा रहे तृतीय रंगोत्सव-2026 निःशुल्क आर्ट समर कैंप की तैयारियों बारे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देते हुए सदस्यों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं।

बैठक में निर्णय लिया गया कि यह आयोजन 31 मई से 7 जून तक जिंदल ज्ञान केंद्र पार्क में किया जाएगा। इस कैंप के दौरान बच्चों एवं युवाओं को पेंटिंग, स्केचिंग, क्राफ्ट तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

सोसायटी के पदाधिकारियों एवं फाउंडर मेंबर्स ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। रजिस्ट्रेशन व्यवस्था, मंच एवं सजावट के अलावा बच्चों के मार्गदर्शन एवं प्रचार-प्रसार का दायित्व सदस्यों को सौंपा गया। बैठक में सभी सदस्यों ने समर्पण एवं टीम भावना के साथ आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। सोसायटी पदाधिकारियों के अनुसार रंगोत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा उनमें कला के प्रति रुचि विकसित करना है। पिछले वर्षों की भांति इस बार भी काफी संख्या में प्रतिभागी शामिल होंगे।



**हिसार।** रंगोत्सव-2026 को लेकर बैठक करते सोसायटी पदाधिकारी व सदस्य।